## खबर संक्षेप

### महापौर की जेठानी की प्रार्थना सभा कल

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की ज्येष्ठ भाभी स्वर्गीय श्रीमती उषा गुप्ता की पावन स्मृति में 24 मई को अनमोल गार्डन में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। समाजसेवी श्रवण गुप्ता की धर्मपत्नी स्वर्गीय उषा गुप्ता का 12 मई को देवलोक गमन हो गया था। उनके निधन से परिवार सहित सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आयोजित प्रार्थना सभा दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगी।

### विद्यार्थियों को दी नशे के दुष्परिणामों की जानकारी



**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसताड़ा में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
संस्थान के मुख्य अनुदेशक दिनेश के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अनुदेशकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि नशा समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। नशा व्यक्ति के जीवन में शौक के रूप में प्रवेश करता है, लेकिन अंत में उसका जीवन शोक में बदल देता है।

### युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना लाडवा की टीम ने युवती से दुष्कर्म करने तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी के आरोपी अजैब सिंह उर्फ जैब जिला कुरुक्षेत्र को चंद घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 मई को थाना लाडवा वासी युवती ने इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### सीएम विंडो के पोर्टल पर एटीआर अपलोड करें

**थानेसर।** थानेसर के एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों का समाधान अधिकारी गंभीरता से और तय समय सीमा में करें, समस्या का समाधान करने उपरांत सीएम विंडो के पोर्टल पर संबंधित एटीआर को अपलोड करें और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भी भेजें। इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। थानेसर के एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी, सीपीजीआरएएमएस और जनसंवाद की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे।

# संपत्ति कर नहीं भरने पर हाईवे स्थित संपत्ति सील

**दूसरी संपत्ति मालिक ने मौके पर जमा किए 16 लाख रुपये**

- 11 लाख बकाया होने पर सीलिंग, नोटिस दिया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के आदेशानुसार नगर निगम के प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को संपत्ति कर बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे स्थित एक संपत्ति को सील कर दिया। वहीं दूसरी संपत्ति के मालिक ने सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही ऑनलाइन माध्यम से करीब 16 लाख रुपये संपत्ति कर जमा करवा दिया। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नेशनल हाईवे पर स्थित एक संपत्ति पर करीब 11 लाख रुपये का संपत्ति कर बकाया था।

कई बार नोटिस देने के बावजूद टैक्स जमा नहीं करवाया गया, जिसके चलते निगम के प्रवर्तन दल ने संबंधित संपत्ति को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान निगम की टीम ने नेशनल हाईवे पर ही स्थित एक अन्य संपत्ति पर भी कार्रवाई की तैयारी की। निगम टीम के पहुंचते ही संबंधित संपत्ति मालिक ने करीब 16 लाख रुपये का बकाया संपत्ति कर मौके पर ही ऑनलाइन जमा करवा दिया। इसके बाद संबंधित संपत्ति को सील नहीं किया गया। निगमायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से संपत्ति कर बकायादारों को विशेष राहत दी गई है। योजना के तहत यदि कोई संपत्ति मालिक 30 जून 2026 तक अपना बकाया संपत्ति कर एकमुश्त जमा करवाता है तो उसे वर्ष 2024-25 तक लगने वाले ब्याज में छूट का लाभ मिलेगा।



**करनाल।** हाईवे स्थित संपति सील करते हुए निगम अधिकारी।

### निगम में जल्द लागू होगी ई-ऑफिस व्यवस्था

करनाल। नगर निगम करनाल में प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जल्द ही ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की जाएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा इसके लिए आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।
नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने के बाद कार्यालय कार्य प्रणाली पूरी तरह डिजिटल और सुव्यवस्थित हो जाएगी। विभिन्न शाखाओं में फाइलों की आवाजाही तेज होगी और कार्यों में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किसी भी फाइल की वर्तमान स्थिति वास्तविक समय में देखी जा सकेगी। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा लंबित मामलों की निगरानी करना भी आसान होगा।
उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से कार्यालयों में होने वाला पेपर वर्क काफी कम हो जाएगा। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ कागज की खपत भी घटेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि डिजिटल कार्य प्रणाली अपनाने से दस्तावेजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और जरूरत पड़ने पर फाइलें आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। नगर निगम प्रशासन की ओर से ई-ऑफिस व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोर्टल संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को डिजिटल फाइल प्रबंधन, ऑनलाइन नोटिंग, दस्तावेज अपलोडिंग तथा विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं। इनमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एम्प्लोयी आईडी तैयार करना, डिजिटल सिग्नेचर बनवाना तथा अन्य तकनीकी औपचारिकताएं शामिल हैं।

# स्कूलों में 9 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सीखा योग



- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग ने शुरू किया प्रशिक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

12वें योग दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग द्वारा जिले के विद्यालयों में विशेष योग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के सहयोग से 21 से 23 मई तक जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि शिक्षा विभाग के पीटीआई, डीपीई, योग सहायकों व योग इंस्ट्रक्टरों की सहायता से जिले के 9016 विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा तथा वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन रोहिला ने योग संस्थाओं, पीटीआई और डीपीई का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. नितिन रोहिला ने करनालवासियों से आयुष विभाग द्वारा योग शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# निगदू क्षेत्र में अवैध रास्ते बनाने पर कॉलोनाइजरों पर केस दर्ज

- प्रशासन की कार्रवाई के बाद दोबारा रास्ते खोलने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



निगदू क्षेत्र में नीलोखेड़ी-करसा डांठ रोड (स्टेट हाईवे-33) के किनारे अवैध कॉलोनियों को रास्ता देने के लिए बिना अनुमति सड़क काटने और रास्ते बनाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से रास्ते बंद करवाने के बावजूद दोबारा उन्हें खोलने पर संबंधित कॉलोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।
लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) करनाल के प्रांतीय उपमंडल नंबर-5 के उपमंडल अभियंता ने 13 मई को थाना निगदू में शिकायत भेजी थी। शिकायत में कहा गया कि गांव निगदू के पास कुछ कॉलोनाइजर बिना विभागीय अनुमति, एनओसी और एक्सेस परमिशन लिए कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं और स्टेट हाईवे से अवैध रास्ते बना रहे हैं। विभाग का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से सड़क सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा था। शिकायत में एमबीआई बिजनेस प्लाजा, राज एन्क्लेव, उत्तम चंद मार्केट और चौधरी कॉम्प्लेक्स का उल्लेख किया गया। विभाग ने पहले भी संबंधित लोगों को नोटिस देकर चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी जारी रही।
उपमंडलाधीश नीलोखेड़ी के निर्देश पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में प्रशासन ने अवैध रास्तों को बंद करवाया था। हालांकि कार्रवाई के अगले ही दिन संबंधित लोगों ने फिर से रास्ते खोल दिए। प्रशासन ने इसे सरकारी आदेशों की अवहेलना माना।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाई गन्ने के जूस की छबील

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की ओर से जिला अध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता में बसंत विहार स्थित जिला उपप्रधान बिंदर पोसवाल के कार्यालय में गन्ने के जूस की छबील लगाई गई।
भीषण गर्मी के बीच राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को प्रेमपूर्वक ठंडा गन्ने का जूस वितरित कर सेवा, सहयोग और भाईचारे का संदेश दिया गया। जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा और सहयोग की भावना को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।
जिला उपप्रधान बिंदर पोसवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में छबील लगाना समाज सेवा और जनहित के प्रति जिम्मेदारी निभाने का प्रतीक है। वहीं अमर सिंह रंगा ने कहा कि जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

# पुलिस टीम पर हमला, कर्मचारी को बंधक बनाकर जानलेवा वार

**सरकारी गाड़ी के शीशे तोड़े**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

कर्ण विहार क्षेत्र में मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने, एक पुलिस कर्मचारी को कमरे में बंधक बनाने और तलवार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, उनकी वर्दी फाड़ दी और सरकारी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
बीती रात करीब 1:27 बजे ईआरवी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को कर्ण विहार गली नंबर-20 से मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता मनक सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी ओमकार और अन्य लोगों ने उसके घर में घुसकर उसकी माता के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। उसने बताया कि पहले भी आरोपियों द्वारा उसके परिवार को परेशान किया जाता रहा है। बताया गया कि बाद में ओमकार ने उसे बातचीत के बहाने घर के अंदर बुलाया, जहां मौजूद एक अन्य युवक ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मनक सिंह को धमकाते हुए कहा कि वह रोज पुलिस लेकर आता है और उसे सबक सिखाया जाएगा। इसी दौरान वहां पहुंचे पुलिस कर्मचारियों के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एक युवक ने चारपाई पर रखी तलवार उठाकर जान से मारने की नीयत से वार किया।
बचाव करते समय तलवार का फोल्ड हिस्सा पुलिस कर्मचारी दिलबाग की छाती पर लगा। सूचना मिलते ही अन्य पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया।




# प्रशासन ने गठित की कमेटी तीन दिन में देनी होगी रिपोर्ट

- गेहूं स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने का मामला संज्ञान में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गेहूं स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने का मामला प्रशासन के संज्ञान में आया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से एक जांच समिति का गठन किया गया है। यह जांच समिति मामले की तीन दिन के भीतर गहनता से जांच करके अपनी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करेगी। उपायुक्त ने जारी आदेशों में कहा है कि प्रशासन द्वारा गठित की गई जांच कमेटी में उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहाबाद को जांच समिति का अध्यक्ष और हैफेड जिला प्रबंधक कुरुक्षेत्र को सदस्य नियुक्त किया गया है। जांच समिति को जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुरुक्षेत्र सभी प्रकार का रिकॉर्ड उपलब्ध करवाएंगे। इसमें मामले से संबंधित सभी अभिलेख, स्टॉक विवरण, खरीद एवं भंडारण रिकॉर्ड, निरीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जोरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत कार्य किया जा रहा है। इस जिले में जो भी अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### विद्यार्थियों को याददाश्त बढ़ाने के टिप्स दिए

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल में एमआईएमई एनएम कॉग्निफाई प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में डा. सूरज मेहता एवं उनकी टीम द्वारा विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। डा. सूरज मेहता ने आज की पीढ़ी के लिए स्मृति विज्ञान विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को याददाश्त बढ़ाने, पढ़ाई को आसान बनाने तथा अपने शब्द कैसे स्थापित करें जैसी तकनीकों के बारे में समझाया। सेशन के दौरान उनकी टीम के दो बच्चों पूरब और आरुषि ने अपनी अद्भुत मेमोरी स्किल्स का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा ऐसे सेशन बच्चों को नई सीख देने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करते हैं।

# अलावला में 70 लाख के विकास कार्यों की सौगात

- विधायक योगेंद्र राणा ने फिरनी का उद्घाटन व सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| असंध/करनाल

असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने ग्राम पंचायत अलावला में लगभग 70 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 5 लाख रुपये की लागत से बनी नवनिर्मित फिरनी का उद्घाटन किया तथा 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।
विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि गांवों का विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता है और प्रदेश सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि फिरनी बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और प्रदेश सरकार गांवों तथा किसानों के हित में लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है।
इस अवसर पर विजय राणा, अजीत राणा, आशीष माहला, मनोज, अक्षय वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



करनाल। 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच में एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कार और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय, समाज एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।
एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि स्वच्छता रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और एनसीसी कैडेट्स सदैव समाज सेवा एवं जागरूकता अभियानों में अग्रणी रहते हैं।

### सामाजिक अंकेक्षण से योजनाओं में बढ़ेगी पारदर्शिता



**नीलोखेड़ी/करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को उनकी क्षमता एवं कार्यकुशलता के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़े और योजनाओं का प्रभाव भी अधिक दिखाई दे। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पांच गांवों का अध्ययन किया गया है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। डॉ. चौहान ने कहा कि योजनाओं के सफल संचालन के लिए पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही बेहद आवश्यक है। प्रत्येक पात्र श्रमिक को जॉब कार्ड उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि श्रमिक अपने कार्य और भुगतान संबंधी जानकारी का सत्यापन स्वयं कर सकें। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद से लीड कोर्स कॉर्डिनेटर विश्वनाथ ने कहा कि विकास कार्यों की वास्तविक सफलता जनता की संतुष्टि से मापी जाती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है।

**शिव महापुराण कथा के छठे दिन पंडित प्रदीप ने सुनाए जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग**

# गलती को माफ करते हैं भोलेनाथ, गलत को नहीं : मिश्रा

- कथा के दौरान श्रद्धालुओं की एकजुटता की सराहना

धर्मेंद्र खुराना ▸▸| घरौंडा/करनाल





**करनाल।** कथा करते कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा एवं उनका आभार जताते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। *फोटो : हरिभूमि*

नई अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से चल रही शिव महापुराण कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन से जुड़े कई प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए।
उन्होंने कथा की शुरुआत में कहा कि पूजा-पाठ और भक्ति के मार्ग पर चलते समय कई बार इंसान से जाने-अनजाने में गलतियां हो जाती हैं। कभी मंत्रों के उच्चारण में त्रुटि रह जाती है तो कभी पूजा विधि में कोई कमी रह जाती है, लेकिन ऐसी भूलों से घबराने की जरूरत नहीं है। भोलेनाथ अपने भक्तों की भावनाओं को देखते हैं और सच्चे मन से की गई भक्ति को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव गलती को माफ कर देते हैं, क्योंकि वह अनजाने में होती है, लेकिन जो कार्य गलत नीयत और अहंकार के साथ किया जाए, उसे भोलेनाथ कभी माफ नहीं करते। गलत और गलती में बहुत बड़ा अंतर होता है। गलती इंसान से अनायास हो सकती है, जबकि गलत कार्य सोच-समझकर किया जाता है और भगवान शिव ऐसे कर्मों को कभी स्वीकार नहीं करते। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कामदेव और नारद मुनि का प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और विनम्रता का संदेश दिया। नारद मुनि भगवान शिव के पास जाकर कहते हैं कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली, जबकि भगवान शिव ऐसा नहीं कर पाए। पंडित प्रदीप मिश्रा ने सहज अंदाज में समझाया कि भगवान शिव कामदेव से अपना रिश्ता निभा रहे थे। रिश्ते में कामदेव उनके साला साहब लगते हैं, इसलिए जब भी वह सामने आते तो भगवान शिव अपना नेत्र खोल देते थे। उन्होंने गरीब और अमीर के अंतर को भी सहज शब्दों में समझाया। जीवन का सबसे बड़ा सुख तब होता है, जब व्यक्ति के मन से ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का भेद समाप्त हो जाए।

### हरविंदर कल्याण के व्यक्तित्व को बताया श्रेष्ठ

कथा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण भी श्रद्धालुओं के बीच पंडाल में बैठकर कथा का श्रवण करते नजर आए। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यास पीठ से उनके व्यक्तित्व की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरविंदर कल्याण बड़े पद पर होने के बावजूद सभी लोगों का समान रूप से सम्मान करते हैं और उन्होंने कभी अमीर और गरीब में फर्क नहीं देखा। यही एक जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी विशेषता होती है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की असली महानता उसके व्यवहार से पहचानी जाती है और हरविंदर कल्याण का व्यक्तित्व इसी सोच का उदाहरण है। व्यास पीठ से अपने लिए कही गई इन बातों पर हरविंदर कल्याण ने हाथ जोड़कर पंडित प्रदीप मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में किसानों एवं आम जनता की बिजली आपूर्ति को लेकर आने वाली समस्याओं के संदर्भ में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता धर्म सुहाग को लिखित मांग पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल, उप प्रधान सीताराम शर्मा, कोषाध्यक्ष कंवर सिंह छौक्कर, प्रेस सचिव रोहतास मलिक एवं जिला कमेटी सदस्य गुलाब सिंह पट्टीकल्याणा, शीशपाल शर्मा किवाना, एसए खान, रामकिशन कुंडू, हरिराम शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मंदिर से हजारों की चोरी के मामले में केस दर्ज

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निवास स्थान एल्डिको के मंदिर से दानपात्रों के ताले तोड कर चोरों ने हजारों रूपये की नगदी चोरी कर ली है। वहीं, एल्डिको शहर की सबसे पाश एवं सुरक्षित मानी जाती है। मंदिर के पुजारी गोबिंद पंडित ने बताया कि उक्त दान पात्रों में करीब 50 हजार रूपये होने की उम्मीद है। वहीं एल्डिगो निवासी एडवोकेट रितेश शर्मा ने हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले कीज जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने ठगी का आरोपी किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने यार्न कारोबारी से 2 लाख 29 हजार 979 रुपए का धागा खरीदकर ठगी करने वाले गिरोह के आरोपी प्रीत सिंह निवासी सैनी कालोनी, जाटल रोड को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि आरोपी प्रीत सिंह को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि इससे इसके फरार साथियों का पता लगा कर उन्हें भी पकडा जा सके।

### पुलिस ने जुआ खेलते चार आरोपित पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने जलालपुर प्रथम गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप व होटल की दीवार की आड में बैठकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों कर्ण उर्फ गोली पुत्र अनिल निवासी गांव सनौली खुर्द, सद्दाम पुत्र नाजर निवासी गांव बापौली जिला पानीपत, अनवर पुत्र बारू व नौशाद पुत्र मांगा निवासी गांव खुडाना जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 35 हजार 500 रूपए की नकदी बरामद हुई है। चारों पर थाना सनौली में गेम्बलिंग एक्ट में केस दर्ज करवाया गया है।

### साइंस क्विज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में अंतर-सदनीय साइंस क्विज का आयोजन हुआ। क्विज कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इधर, प्राचार्या ममता सचदेवा, अंजू गुप्ता, अशोक कुमार, अलका बत्रा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ

**पानीपत।** पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल टाउनशिप में सत्र 2026-27 हेतु भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मधु सूदन गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य हरि ओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, शुभम तायल व रेखा बजाज प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

### तरक्की के लिए रोजगार से जुड़े कोर्स करें छात्र

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर एवं इंटर्नशिप सेल द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने के उद्देश्य से वर्षभर विभिन्न कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, इंटर्नशिप, वर्कशॉप एवं सॉफ्ट स्किल गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के दौरान भी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इन कौशल आधारित कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

---

### सड़क सुरक्षा, नाइट बैरियर व सड़क चौड़ीकरण को रफ्तार मिली

# पानीपत को विकसित शहर बना रही भाजपा सरकार : विधायक विज

**ड्रेन वन को जोड़ने का कार्य 25 जून तक हर हाल में पूरा करने का अफसरों को दिया निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विधायक प्रमोद विज, डीसी, एसपी आदि अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में सडक सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, सडक चौड़ीकरण, दुर्घटनाओं में कमी, नॉइस बैरियर, ड्रेनेज व्यवस्था और विभिन्न विकास परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी विधायक प्रमोद विज ने ड्रेन वन, रेलवे अंडर पास और कई जन हित के मुद्दों पर अपडेट लिए व अधिकारियों को कार्य में रूचि लेकर तीव्रता बरतने के निर्देश दिए। शहरी विधायक ने कहा कि शहर के विकास और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करें। विधायक ने ड्रेन वन को जोडऩे का कार्य 25 जून तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि बारिश शुरू होने से पहले सडको के गड्ढे भरना और नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव और दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सडक सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने मच्छरौली कट को खुलवाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में शहर के जीटी रोड तथा गोहाना रोड, जाटल रोड और असंध रोड फ्लाईओवर पर नॉइस बैरियर लगाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। इधर, उपायुक्त और विधायक दोनों ने संबंधित विभागों को लोगों को ध्वनि प्रदूषण से राहत देने के लिए जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं, जीटी रोड के चौड़ीकरण और वाइडनिंग कार्य को गति देने पर भी विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने शहर को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण पर भी चर्चा हुई। एनएचएआई के प्रतिनिधि ने बैठक में बताया कि रिंग रोड निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

#### ट्रैफिक प्रवर्तन और जागरूकता अभियानों से सड़क हादसों में आई कमी

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार चलाए जा रहे ट्रैफिक प्रवर्तन और जागरूकता अभियानों के कारण सडक दुर्घटनाओं में कमी आई है। वहीं, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। बैठक में सडक सुरक्षा से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जिनमें पेडेस्ट्रियन गार्ड रेल, फ्लाईओवर पर आरसीसी बैरियर, सर्विस लेन सुधार, सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे, मिनी बाईपास निर्माण, रेलवे अंडरपास, टोल प्लाजा पर धर्म कांटा स्थापना और दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शामिल रही। इधर, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सडक सुरक्षा को देखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के अंडरपास, ड्रेन नंबर-1 से संबंधित कार्य, बरसत रोड बाईपास और रिंग रोड जैसी योजनाएं शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। जीटी रोड और तीनों फ्लाईओवर पर नॉइस बैरियर लगाने से लोगों को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिलेगी। हमारा प्रयास है कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा में पूरे हों और जनता को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलें।

#### निर्माण जल्द होगा शुरू

अधिकारियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बरसत रोड बाईपास निर्माण परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई ताकि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके। बैठक में खादी आश्रम से ड्रेन वन तक ड्रेन लाइन निर्माण और सडक चौड़ीकरण के कार्य को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस परियोजना का टेंडर पूरा हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

---



### समाज को कुरीतियों से मुक्त कर रहा आर्य समाज : सैनी

**पानीपत।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खैल बाजार द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एवं यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन समारोह का आज सत्र का आरम्भ श्रेष्ठ कर्म चतुर्वेद शतक महायज्ञ से समाज के ब्रह्म आचार्य बृज किशोर शास्त्री ने कराया। तत्पश्चात ध्वजारोहण युवा नेता अशोक आर्य पुत्र बच्चन सिंहज आर्य ने किया। उसके बाद भव्य यज्ञशाला का उद्घाटन महापौर कोमल सैनी व विधायक प्रमोद विज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं अमृतसर से पहुंचे दिनेश पथिक ने अपने भजनों से सब का मन मोहा। कार्यक्रम कि अध्यक्षता रणदीप आर्य ने की। समाज के प्रधान राजेश आहूजा ने कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावादी, मंत्री सुनील बत्रा, संरक्षक महेंद्र ढींगरा एवं वरिष्ठ उप प्रधान अशोक वर्मा को उनके द्वारा देखे यज्ञशाला के स्वप्न को पूर्ण होने कि बहुत बधाई दी व आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका बेला भाटिया, प्रांत प्रमुख गौ सेवा समिति हरियाणा महेंद्र कंसल, यश हुरिया, राकेश शर्मा, मुकेश, आदित्य डावर, राकेश भाटिया, कमलेश लीखा, रेणु आर्य, कमलेश कथूरिया, कविता भाटिया, शबनम वर्मा,लक्ष्मी बत्रा, जगदीश सखूजा, मा. जगदीश दीवान चंद आहूजा, मनोहर लाल आहूजा, किशोर आहूजा, विनोद अरोड़ा राजेश आर्य, ललित वर्मा ,आत्म आर्य, हरचरण दास अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### पानीपत को स्वच्छ शहर बनाएंगे : डॉ वीरेंद्र

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में गृह सचिव सुधीर राजपाल ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व नगर निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का मुख्य उद्देश्य ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 को प्रभावी रूप से लागू करने पर समीक्षा करना और जल जीवन मिशन 2.0 के कार्यों की समीक्षा करना था। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने गृह सचिव को आश्वस्त किया कि 2026 की गाइड लाइन को धरातल पर लागू किया जाएगा। वहीं, उपायुक्त ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में ठोस कचरा प्रबंधन नियमों को हर हाल में लागू किया जाए तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए। डॉ दहिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के तहत अब कचरा प्रबंधन व्यवस्था को पूरी तरह वैज्ञानिक और डिजिटल प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त को इस इस प्रबंधन नियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का अधिकार दिया गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में तत्काल सर्वे करवाकर सभी आवश्यक आंकड़े तैयार किए जाएं और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर को निर्देश दिए कि ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यों की निगरानी बढ़ाई जाए तथा अधिकारी लगातार फील्ड में जाकर निरीक्षण करें।

---

# पात्रों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। जिला सचिवालय में बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, जन शिकायतों के निस्तारण, लंबित मामलों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, विभागवार उपलब्धियों और जनता से जुड़े मामलों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मॉनिटरिंग एंड कोऑर्डिनेशन सेल (जीएडी) के चेयरपर्सन राज शेखर वुंडरू ने की। बैठक के बाद उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन जन शिकायतों के निस्तारण में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और अधिकारी पूरी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण की वर्तमान गति और गुणवत्ता को भविष्य में भी इसी प्रकार बनाए रखा जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कार्यप्रणाली में जवाबदेही और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा प्रत्येक अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभानी चाहिए। डीसी डॉ दहिया ने ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन की वास्तविक पहचान है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिकायतों के निस्तारण में देरी, लापरवाही और उदासीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

---

# सफाई कर्मियों ने सरकार का पुतला फूंका

- यूनियन ने अपनी मांगों के समर्थन में जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। ग्रामीण सफाई कर्मचारी सरकार का पुतला जलाते हुए।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने शहर में सरकार के खिलाफ विरोध निकलते हुए लघु सचिवालय के सामने पुल के नीचे हरियाणा सरकार का पुतला जलाया। जुलूस का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, जिला सहसचिव जय भगवान, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान सुलतान, जिला सचिव अशोक दुग्गल, कोषाध्यक्ष कंवरपाल आदि ने किया। यूनियन के नेताओं ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हड़ताल का आठवां दिन है। लेकिन बेशर्म भाजपा सरकार सुनने को तैयार नहीं है। भाजपा और संघ परिवार जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने पर दुरी है जिसके चलते महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर है। बढ़ते आर्थिक संकट के कारण देश की बहुमत मेहनत कर जनता अपने परिवार का पालन पोषण करने में असमर्थ हैं। सरकार की तानाशाही के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने ऐलान किया कि 24 और 25 मई को नरवाना जींद जिले के अंदर भाजपा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के विधानसभा क्षेत्र कार्यालय का दिन रात हजारों ग्रामीण सफाई कर्मचारी हरियाणा भर से पड़ाव डालेंगे। जब तक सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को नहीं सुनेगी अपनी घोषणा के अनुसार और हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार पक्के कर्मचारी के दरजा नहीं देगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन करने के लिए अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल, उप प्रधान सीताराम शर्मा, गुलाब सिंह, रोहतास मलिक फौजी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, सचिव शिव कुमार आदि रहे।

---

# सच्चे मन से की गई भक्ति ही प्रभु से मिलाती है : पंडित बृज किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर में प्रभु पूजन करते तरूण गांधी व अन्य श्रद्धालु।

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाऊन के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे पावन पुरुषोत्तम मास कथा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के छठे दिन प्रख्यात कथावाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री जी ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों और पुरुषोत्तम मास मलमासमें भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को अमृतपान कराते हुए पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु की कृपा पाने का सबसे उत्तम समय है। इस महीने में किया गया दान, जप और सत्संग कभी निष्फल नहीं जाता। उन्होंने भावपूर्ण भजनों के माध्यम से संगतों को मंत्रमुग्ध कर दिया, संसार की हर वस्तु नश्वर है, केवल भगवान का नाम ही शाश्वत है। जो मनुष्य इस पवित्र मास में सच्चे मन से प्रभु की शरण में आता है, उसके जीवन के सभी कष्ट मिट जाते हैं।इस अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान श्री तरुण गांधी जी ने मुख्य यजमानों और अतिथियों का स्वागत किया।

---

# मानव जीवन का आधार है जैव विविधता : चंद्र

- अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर राजकीय कॉलेज में पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते अतिथि।

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहिम "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ" के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के हर्बल बॉटनिकल गार्डन में काले शहतूत के दो पौधे रोपित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने करते हुए कहा कि जैव विविधता मानव जीवन का आधार है और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा चलाए जा रहे "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ" अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह मुहिम समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रेरणादायक कार्य कर रही है। दिल्ली के लर्निंग लिंक फाउंडेशन से पहुंचे राशिद और अभिषेक ने भी पौधारोपण में भाग लिया। राशिद ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा युवाओं को प्रकृति से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहिम को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कहा यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर राशिद और अभिषेक, प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान अनिल कुमार सफाई कर्मचारी, पवन कुमार पब्लिक हेल्थ, अमित कुमार माली आदि को ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ" अभियान के अंतर्गत पगड़ी पहनाकर शहतूत के पौधे रोपित करवाए।

---



पानीपत। उज्बेकिस्तान में सिल्वर मेडल ग्रहण करती बॉक्सर अक्षिता।

### एशियन बॉक्सिंग गेम्स में अक्षिता ने सिल्वर जीता

पानीपत। पानीपत पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा अक्षिता ने अतंरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के नेताशकंद में आयोजित एशियन बॉक्सिगं गेम्स में सिल्वर मेडल जीत कर दुनिया भर में भारत, हरियाणा, पानीपत व स्कूल और अपना नाम रोशन किया है। वहीं, यह चैंपियनशिप नेताशकंद, उज़्बेकिस्तान में एक से 16 मई तक आयोजित हुई थी। इधर, प्राचार्या सुमिता अरोड़ा, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अक्षिता को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

---

### कृषि भूमि में चल रहे ब्लीच हाउस में घातक रसायनों का प्रयोग

# पानीपत के ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे हैं अवैध ब्लीच हाउस

**प्रदूषित पानी से ग्राउंडवाटर, खेती की ज़मीन और लोगों की सेहत पर भी बुरा असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत के ग्रामीण अंचल के खेतों में बना अवैध ब्लीच हाउस।

पानीपत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि की भूमि में 60 से अधिक संख्या में अवैध तरीके से ब्लीच हाउस पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करते हुए चल रहे हैं, जिससे इंडस्ट्रियल प्रदूषण और ग्राउंड-वॉटर के खराब होने की चिंता बढ़ गई है। इधर, पर्यावरणविद वरुण गुलाटी निवासी दिल्ली ने एक बार फिर कथित गैर-कानूनी यूनिट्स से जुड़े सबूत इकट्ठा किए हैं और उन्हें हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (एचएसपीसीबी) को सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इधर, गुलाटी ने आरोप लगाया कि ब्लीचिंग यूनिट बिना किसी वैलिड परमिशन और एनवायरनमेंटल नियमों के काम कर रही थीं, और गैर-कानूनी रिवर्स बोरवेल सिस्टम के ज़रिए बिना ट्रीट किया हुआ इंडस्ट्रियल गंदा पानी नालियों, सीवर और ज़मीन के नीचे छोड़ रही थीं। गुलाटी ने कहा कि लोकल सोर्स, फील्ड इंस्पेक्शन, तस्वीरों और ड्रोन वीडियोग्राफी की मदद से, जिले के अलग-अलग गांवों और खेती वाले इलाकों में कई गैर-कानूनी ब्लीच हाउस चलते हुए पाए गए। गुलाटी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजी शिकायत में बताया कि पानीपत जिला के गांव डिडवारी, नौल्था, डाहर, इसराना, पलहडी, चमराडा, गढ़ी छाजू और समालखा के ग्रामीण अंचल में ये अवैध ब्लीच हाउस चल रहे हैं।

#### यह लगाया आरोप

गुलाटी ने आरोप लगाया कि ब्लीच हाउस में केमिकल वाला गंदा पानी सीधे पास के नालों और नहरों में छोड़ा जा रहा है, जो आखिर में यमुना नदी में मिल जाता है, जिससे यमुना में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। वहीं, प्रदूषित पानी से ग्राउंडवाटर, खेती की ज़मीन और लोगों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इधर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेंद्र चहल ने कहा कि डिप्टी कमिश्नर एक जॉइंट टीम बनाएंगे, जिसमें बोर्ड के डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर ऑफिस, बीडीपीओ और दूसरे डिपार्टमेंट के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जमीन के मालिकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के बाद, उनके खिलाफ उसी हिसाब से कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं, पानीपत के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे ब्लीच हाउस की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण भी किया जाएगा।

